विकास | विश्राम गृह के सामने सूर्य नमस्कार योगासन के स्टेच्यू का निर्माण कराया

# विकसित बुढार के संकल्प का स्वर्णिम स्वप्न करेंगे पूरा : शालिनी

**नवभारत बुढार।** विकसित देश विकसित प्रदेश एवं विकसित नगर की आदर्श और राष्ट्रहित से संबंधित सोच और विचार से ओत प्रोत होकर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को आत्मसात कर बुढार नगर परिषद की अध्यक्ष शालिनी सरावगी के कुशल नेतृत्व में करे योग रहें निरोग की पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए बुढार नगर स्थित विश्राम गृह के सामने सूर्य नमस्कार योगासन की मूर्त स्टेच्यू का निर्माण करवाया गया है लोकार्पित किये गए सूर्यनमस्कार के मूर्त स्टेच्यू के नगर में निर्माण की चहुं ओर प्रसंशा हो रही है ट्रांसपोर्ट नगरी बुढार के विकास को एक नया आयाम देने के लिए बुढार नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी लगातार कृत संकल्पित हैं उसी क्रम में 4 जुलाई को होटल अतिराज में बुढार नगर के विकास का उत्सव महापर्व आयोजित किया गया जिसमे बुढार नगर की कई परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सरावगी ने साझा की उन्होंने बताया की बुढार नगर में बच्चों के खेलने के लिए नवीन उद्यान का निर्माण करवाया गया है और आज इसी उद्यान के लोकार्पण कार्यक्रम में जब छोटे छोटे बच्चे बुढार नगर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे तो उनकी प्रसन्नता देखकर हृदय प्रफुल्लित हो उठा छोटा सा बच्चा देवांश गुप्ता वह लोकार्पित पार्क से जाने का नाम नहीं ले रहा था बहुत समझाने के बाद वह वहां से यह कहकर गया की मैं रोज यहां अपने दोस्तों के साथ खेलने आऊंगा बच्चों का सर्वांगीण विकास हो जिसके लिए परिषद बुढार सदैव कृत संकल्पित है कुछ दिनों में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण भी धरातल पर दिखेगा जिससे बुढार के विकास में चार चांद लग जाएंगे बुढार नगर विकास पर्व के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जय सिंह मरावी जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा समाजसेवी गौरव सिरोठिया बुढार भूपेंद्र मिश्रा अर्जुन सोनी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बुढार सौरभ श्रीवास्तव मुख्य रूप से मंचासीन रहें जबकि कार्यक्रम में सफल मंच का संचालन युवा समाजसेवी श्रीकृष्ण गुप्ता ने किया विकास पर्व पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बुढार नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने अपने स्वागत भाषण से की और विभिन्न प्रकार की विकासशील योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजनमानस के बीच रखी तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जय सिंह मरावी ने अपना उद्बोधन नगर विकास को दृष्टिगत रखते हुए दिया तदउपरांत समाजसेवी गौरव सिरोठिया ने अपना ओजस वंक्तव्य नगरवासियों के समक्ष रखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति नीति से और विकास की ओर अग्रसर भारत एवं विकसित भारत का स्वर्णिम स्वप्न विकसित ग्राम और नगर के समग्र विकास पर केंद्रित अपने उद्बोधन को सरल भाषा में सभी के समक्ष रखा जिला योजना समिति सदस्य शहडोल श्रीमती अमिता चपरा ने कहा की बुढार का विकास यह शहडोल जिले का विकास है और मैं अपेक्षा करती हूं की आने वाले समय में बुढार नगर लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अर्जुन सोनी ने किया



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि के रूप में जैतपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक जय सिंह मरावी समाजसेवी गौरव सिरोठिया नगर परिषद बुढार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी समाजसेवी अर्जुन सोनी समाजसेवी भूपेंद्र मिश्रा बुढार नगर परिषद सीएमओ सौरभ




# अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

- डीपी तिवारी बने अध्यक्ष
- जिला न्यायाधीश शिवलाल केवट ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवभारत,जयसिंहनगर।** अधिवक्ता संघ जयसिंहनगर का शपथ ग्रहण समारोह 3 जुलाई 2026 को अधिवक्ता संघ कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री शिवलाल केवट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ समारोह की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष डीपी तिवारी ने की। जिला न्यायाधीश श्री केवट ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नई कार्यकारिणी– अध्यक्ष– डीपी तिवारी, उपाध्यक्ष– सुरेंद्र जायसवाल, सचिव– लवकुश गुप्ता, सहसचिव– अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष– दिव्या वर्मा, पुस्तकालय प्रभारी– संजय राव, कार्यकारिणी सदस्य– सभी निर्वाचित सदस्य।

### विशिष्ट अतिथि रहे मौजूद

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायाधीश द्वितीय लघुता मरकाम एवं नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी उपस्थित रहे।पड़ोसी बार के अध्यक्ष भी पहुंचे। समारोह में अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष जयकांत मिश्र, अधिवक्ता संघ मानपुर के अध्यक्ष कुशलम तिवारी एवं अधिवक्ता संघ ब्यौहारी के अध्यक्ष भगवान सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता दिलीप प्यासी, ओम प्रकाश शुक्ला, राजेंद्र गौतम, नरेंद्र शुक्ला, श्रवण चतुर्वेदी, प्रभाकर प्यासी, रामजी मिश्रा, महेंद्र त्रिपाठी, दादूराम निवास तिवारी सहित न्यायालय परिसर के अधिवक्त सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### सोहागपुर में दस्त प्रबंधन अभियान का शुभारंभ 85 प्रतिभागियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत,शहडोल।** जनपद पंचायत सभागार सोहागपुर में दस्त (डायरिया) से बचाव एवं प्रभावी प्रबंधन के उद्देश्य से दस्त प्रबंधन अभियान का शुभारंभ जनपद पंचायत सोहागपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गैलेक्शी नगपुरे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों एवं मैदानी अमले को दस्त नियंत्रण एवं जनजागरूकता के प्रति प्रशिक्षित करना था। कायक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने दस्त होने के प्रमुख कारण, इससे बचाव के उपाय, समय पर उपचार, ओआरएस एवं जिंक के महत्व तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि स्वच्छता अपनाने, हाथों की नियमित सफाई तथा सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग से दस्त जैसी बीमारियों से प्रभावी रूप से बचा जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड सोहागपुर के सभी ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों सहित कुल 85 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में कॉर्डिनेटर श्री रोहणी कुमार बर्मन ने दस्त प्रबंधन अभियान के उद्देश्य, रोकथाम, उपचार, ओआरएस एवं जिंक के सही उपयोग तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जन–जागरूकता बढ़ाने के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। अधिकारियों ने प्रतिभागियों से अपील की कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और दस्त के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर समय पर उपचार सुनिश्चित कराएं। इससे बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सकेगा।




### जयसिंहनगर में विशेष शिविर, 15 बच्चों के बने दिव्यांगता प्रमाण–पत्र

**नवभारत,जयसिंहनगर।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार जिले में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान कर उन्हें त्वरित रूप से दिव्यांगता प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों का परीक्षण कर पात्र बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में तहसील जयसिंहनगर में विशेष दिव्यांगता आकलन एवं प्रमाणन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आकलन किए जाने के बाद 15 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी किए गए। इसके अलावा जांच के दौरान 5 बच्चों को विस्तृत चिकित्सीय परीक्षण की आवश्यकता पाए जाने पर उन्हें आगे की जांच एवं प्रमाणन प्रक्रिया के लिए जिला चिकित्सालय शहडोल भेजा गया।प्रशासन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी सुविधाओं का लाभ दिलाना है। जिले में ऐसे विशेष शिविर आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि कोई भी पात्र दिव्यांग बच्चा प्रमाण–पत्र और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# सोहागपुर क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन

- महाप्रबंधक बीके जेना ने दिया स्वच्छता अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश

**नवभारत,धनपुरी ।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का भव्य समापन समारोह शुक्रवार को आर.सी. क्लब, सोहागपुर क्षेत्र में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह में स्वच्छता अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं केंद्रीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देते हुए सभी को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। समापन समारोह में एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी तथा केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, ऊर्जा और स्वच्छता के प्रति समर्पण की भावना से परिपूर्ण रहा।



कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। बताया गया कि 16 जून से 30 जून तक पूरे सोहागपुर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्यालय परिसरों, कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों एवं कार्यस्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कर्मचारियों को स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, कचरे के उचित प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता शपथ, पौधारोपण, सफाई अभियान, जागरूकता रैलियां एवं प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने पोस्टर, चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छ भारत की अवधारणा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। महाप्रबंधक बी.के. जेना ने अपने संबोधन में कहा, 'स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक और जिम्मेदार आदत है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, कार्यस्थल और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो हमारा समाज और देश स्वत: ही स्वच्छ एवं स्वस्थ बन जाएगा। स्वच्छता से स्वास्थ्य बेहतर होता है, कार्यक्षमता बढ़ती है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। हमें स्वच्छता को केवल पखवाड़े या विशेष अवसर तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या और कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 'एसईसीएल केवल कोयला उत्पादन तक सीमित संस्था नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# आईपीएस डॉ. संजय संभालेंगे जिले की कमान

**नवभारत धनपुरी /शहडोल।** प्रदेश शासन के गृह विभाग ने 9 आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया जिसमें मुख्य रूप से शहडोल जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में आईपीएस संजय कुमार अग्रवाल को जिले की कमान सौंपी गई है ज्ञात हो की लगातार शहडोल में अपराध और अपराधियों का मनोबल सातवे आसमान पर था मानो कानून का कोई खौफ ही ना हो जिले के थानों में असीमित भ्रष्टाचार अवैध कार्यों की भरमार कबाड़ कोयला जुआ सट्टा अवैध उत्खनन एवं परिवहन साथ ही नशे के कारोबार जैसे अमानवीय दुष्कृत्य लगातार जिले में पुलिस की मूक सहमति से बढ़ रहे थे जिसकी वजह से आम जन जीवन काफी प्रभावित हो रहा था और शहडोल मध्य प्रदेश की नई अपराधिक राजधानी के रूप मे अपनी पहचान बना रहा था किंतु अब नवागत पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद आईपीएस संजय कुमार अग्रवाल से जिले के संभ्रांत लोगों ने व्यापारियों ने यह आस और उम्मीद लगाई है की पुन: शहडोल शांति के टापू के रूप में अपनी पुरानी पहचान पाएगा



**नवागत पुलिस कप्तान का संक्षिप्त परिचय–** आईपीएस संजय कुमार अग्रवाल की छवि की बात की जाए तो जनप्रिय ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारियों में इनकी गिनती होती है अपने कार्यों में प्रति सदैव सजग रहना इनकी सबसे बड़ी विशेषता है उन्हें 2020 में राष्ट्रपति सेवा पदक से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त है 2016 बैच के संजय कुमार अग्रवाल, मध्य प्रदेश पुलिस सर्विस से आईपीएस के लिए सिलेक्ट हुए गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज से किया रू.ष्ठ के दौरान संघ लोक सेवा आयोग की ओर रूझान बढ़ा, जब वह पढ़ाई कर रहे थे तो उनका सपना प्रोफेसर बनने का था किंतु सारी प्रतिष्ठित और सर्वमान्य डिग्री को प्राप्त कर अंत में वह आईपीएस के रूप में अपनी सेवाएं वर्ष 2016 से दे रहे हैं शहडोल पुलिस अधीक्षक के पद से पूर्व उन्होंने भिंड बैतूल सहित विभिन्न जिलों में नगर पुलिस अधीक्षक के दायित्व का भी जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया है शहडोल पदस्थापना से पूर्व आईपीएस संजय कुमार अग्रवाल भोपाल जोन टू के डीसीपी पद पर तैनात थे।

# धनपुरी स्टेट बैंक प्रबंधक का शहडोल स्थानांतरण

**नवभारत,धनपुरी ।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक विद्यांचल कुमार का स्थानांतरण शहडोल रीजन में कर दिया गया है। करीब एक वर्ष तक धनपुरी शाखा में अपनी सेवाएं देने के बाद उनके स्थानांतरण की खबर से बैंक कर्मचारियों के साथ–साथ ग्राहकों में भी भावुकता का माहौल है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और ग्राहक–केंद्रित बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया। उनके नेतृत्व में बैंक कर्मचारियों ने भी बेहतर टीम भावना के साथ कार्य किया। उन्होंने कर्मचारियों को समय पर कार्य निष्पादन, अनुशासन और ग्राहकों के प्रति सकारात्मक व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। परिणामस्वरूप शाखा की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। स्थानांतरण की सूचना मिलने के बाद बैंक कर्मचारियों, ग्राहकों और शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाए दी।



# 120 केंद्रों की सफलता पर कार्यकर्ताओं का सम्मान

- रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स, सीबीएम सीएसआर एवं महिला–बाल विकास द्वारा किया गया प्रमाण–पत्र वितरण

**नवभारत, शहडोल।** जिले में बच्चों के समग्र विकास और खेलों के माध्यम से नैतिक मूल्यों के संवर्धन की दिशा में संचालित ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम के सफल समापन पर शनिवार को भव्य प्रमाण–पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स एवं रिलायंस सीबीएम सीएसआर, शहडोल के संयुक्त प्रयास तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से संचालित किया गया।

समारोह में परियोजना से जुड़े जिले के सभी 120 आंगनवाड़ी केंद्रों एवं उनकी कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट सहभागिता और कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं परियोजना के प्रभावी संचालन और प्रशिक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले दो मास्टर ट्रेनर्स को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर अमृता गर्ग, उप संचालक महिला एवं बाल विकास गौतम अधिकारी, सहायक संचालक राकेश खरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा तथा रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के साइट हेड राजेश वर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि शहडोल जिले के 120 आंगनवाड़ी केंद्रों में लागू किया गया यह मॉडल आज वैश्विक स्तर पर एक आदर्श पहल के रूप में पहचान बना चुका है। इसकी उल्लेखनीय सफलता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अपने सदस्य देशों को भी इस मॉडल को अपनाने और दोहराने का सुझाव दिया है। वक्ताओं ने जानकारी दी कि इस अभिनव पहल के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स ने अब इस कार्यक्रम का विस्तार करते हुए महाराष्ट्र और तेलंगाना के 1100 आंगनवाड़ी केंद्रों में भी इसका सफल क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया है।समारोह में कार्यक्रम से जुड़े सभी प्रतिभागियों ने इस पहल को बच्चों में खेल भावना, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास बताया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के विस्तार पर जोर दिया।




शोषण | आरोप : ठेकेदार द्वारा 800 रुपए देकर बाकी का पैसा वापस मांग लिया जाता है

# जेएमएस कंपनी द्वारा किया जा रहा है मजदूरों का शोषण

प्रदीप शर्मा

**नवभारत धनपुरी ।** बंगवार जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो कि भूमिगत खदानों से कोयला निकालने के लिए टेंडर ली है कंपनी के द्वारा कंपनी में कार्यरत मजदूरों का शोषण किया जा रहा है मजदूरों का कहना है कि जेएमस कंपनी द्वारा जो हमें वेतन का भुगतान 1279 रुपए हमारे खाते में डाला जाता है उससे ठेकेदार द्वारा 800 रुपए देकर बाकी का पैसा वापस मांग लिया जाता है और न देने पर काम से पृथक करने की धमकी दी जाती है अगर कोई कर्मी पैसा नहीं देता तो दबाव बनाने के लिए उसका रेस्ट लगा दिया जाता है बताया जाता है जेएमएस कंपनी को कार्य बंगवार,राजेंद्रा व खैरहा में मिला हुआ है जिनमे 150 से अधिक मजदूर कार्य कर रहे हैं।

JMS Mining Private Limited

इस तरह कंपनी के ठेकेदारों द्वारा मजदूरों के खून पसीने की कमाई पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है जब यह संबंध में बंगवार दामिनी के उसे क्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह से इस विषय में बात करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया जिससे साफ पता चलता है की बंगवार जैसे भूमिगत खदान में हाल के दिनों में तीन ठेकेदार मजदूरों की मौत के बाद भी उप क्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह बंगवार, दामनी अमलाई की संवेदनहीनता चरम पर है और उनकी अमानवीय कार्यशैली सवालों के घेरे में है जिससे साफ पता चलता है की उप क्षेत्रीय प्रबंधक के लिए कर्मियों का शोषण कोई बड़ी बात नहीं है और वह मौन रहकर सब कुछ देख रहे हैं शायद इस पूरे सिंडीकेट को उनका भी संरक्षण प्राप्त हो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। जब भी संबंध में जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर प्रतीक तिवारी से सवाल किया गया कंपनी के दो कर्मचारियों पर आरोप है पैसा वापस मांगने की तो उनके द्वारा बताया गया रोहित तिवारी व प्रदीप तिवारी की शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर कार्रवाई करते हुए उनकी ड्यूटी बंद कर दी गई है वह इसकी जांच की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ राजेंद्रा व खैरहा के भी मजदूरों ने आरोप लगाया की बसंत रजक व रवि गौतम द्वारा कंपनी द्वारा वेतन भुगतान के बाद मजदूरों से पैसे की मांग की जाती है व देने पर कम से बाहर निकालने की धमकी दी जाती है।

जब भी संबंध में जेएमएस कंपनी के जी एम कामेश्वर सिंह से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार संपर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे साफ पता चलता है कि सारा खेल कंपनी प्रबंधन के इशारे पर हो रहा है और कहीं न कही एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र प्रबंधन की कार्यशैली कई प्रकार के प्रश्न चिन्ह खड़े करती हैं जिसका जवाब शायद देने में इनकी जुबान लड़खड़ाती हो जिसकी वजह से कंपनी जीएम कामेश्वर सिंह अपनी मर्जी और तानाशाही प्रवत्ति के अनुरूप मजदूरों का शोषण कर रहे हैं और आज के युग में उनसे डरा धमकाकर उनकी मेहनत की कमाई को हड़पने वालों को अपना संरक्षण प्रदान कर अपनी कंपनी को लगातार नियम विरुद्ध चला रहे हैं । मजदूरों के शोषण व उनकी समस्याओं को लेकर केंद्रीय आयुक्त श्रम शहडोल राजेंद्र सिंह राजपूत से बात की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि अगर कंपनी कर्मचारी का संपूर्ण भुगतान खाते में कर रही है वह उसके बाद उनसे पैसे की मांग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है तो इसकी शिकायत थाने में किया जाए यह तो फिर श्रम आयुक्त के पोर्टल में शिकायत दर्ज कराए।

## इलाही खान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,धनपुरी।** धनपुरी नगर में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने नाजिया इलाही खान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने एवं कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर धनपुरी थाना पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। इस दौरान ज्ञापन की एक प्रति तहसीलदार को भी सौंपी गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नाजिया इलाही खान द्वारा समय–समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि किसी भी धर्म, जाति या समुदाय के महापुरुषों एवं पूजनीय व्यक्तित्वों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती और ऐसे मामलों में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने आए प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज में सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी धर्म के व्यक्तित्व के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का साहस न कर सके।



# सेल्फ क्लिक अभियान के तहत पुलिस ने बढ़ाई साइबर सुरक्षा की अलख

- धार्मिक स्थलों, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय

**नवभारत, शहडोल।** मध्यप्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी सेल्फक्लिक साइबर जागरूकता अभियान के तहत शहडोल पुलिस द्वारा जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। धार्मिक स्थलों, सामुदायिक केंद्रों तथा विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों, फर्जी कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के जोखिम, बैंकिंग फ्रॉड, यूपीआई धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। लोगों से अपील की गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो वह बिना समय गंवाए 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराए, जिससे धोखाधड़ी की राशि को समय रहते रोका जा सके। साथ ही नागरिकों को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।शहडोल पुलिस ने लोगों से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने तथा अपने परिवार और परिचितों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की। पुलिस का कहना है कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।